केंद्रीय हिंदी निदेशालय
पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग

पत्राचार द्वारा हिंदी सीखें

प्रवेश सूचना – 2020

हिंदीतर भाषी भारतीयों, विदेशियों एवं अनिवासी (अप्रवासी) भारतीयों से निम्नलिखित हिंदी पत्राचार पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

1. सर्टिफिकेट कोर्स (हिंदी) (प्राथमिक कोर्स) और डिप्लोमा कोर्स (हिंदी) (सर्टिफिकेट कोर्स/माध्यमिक स्तर) अंग्रेजी/तमिल/मलयालम/बांग्ला माध्यम में।

2. एडवांस डिप्लोमा कोर्स (हिंदी) (उच्चतर माध्यमिक स्तर) केवल हिंदी माध्यम से।

(अ) योग्यता (अर्हता)

1. **सर्टिफिकेट कोर्स हिंदी :**
यह कोर्स एसे विद्यार्थियों के लिए है जो हिंदी का आरंभिक ज्ञान लेने के इच्छुक हों, जिन्हें हिंदी का कोई ज्ञान न हो/अत्यल्प (बहुत कम) ज्ञान हो। विदेशियों, प्रवासी भारतीय तथा हिंदीतर भाषी भारतीय, जिनकी आयु 01/07/2020 को कम से कम 10 वर्ष हो, सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के पात्र हैं।

2. **डिप्लोमा कोर्स हिंदी :**
यह कोर्स उन विद्यार्थियों के लिए है जिन्हें हिंदी का आरंभिक ज्ञान प्राप्त है। विदेशी, प्रवासी भारतीय तथा हिंदीतर भाषी भारतीय, जिनकी आयु 01/07/2020 को कम से कम 12 वर्ष हो, डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के पात्र हैं।

3. **एडवांस डिप्लोमा कोर्स हिंदी :**
यह कोर्स उनके लिए है जो हिंदी का पर्याप्त ज्ञान रखते हो। विदेशी, प्रवासी भारतीय तथा हिंदीतर भाषी भारतीय, जिनकी आयु 01/07/2020 को कम से कम 14 वर्ष हो, एडवांस हिंदी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के पात्र हैं।

(ब) शुल्क संरचना

पाठ्यक्रम	शुल्क भारतीय मुद्रा में	विदेशी मुद्रा में	देय
सर्टिफिकेट/डिप्लोमा	रुपये 50/–	$ 50 या समतुल्य	निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय
एडवांस डिप्लोमा	रुपये 200/–	$ 50 या समतुल्य	निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय

1. शुल्क आई.पी.ओ. या बैंक ड्राफ्ट द्वारा भेजा जा सकता है। मनी आर्डर और चेक स्वीकार नहीं किए जाएँगे।
2. अलग से आवेदन पत्र भेजने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।
3. कृपया दिए गए बिंदुओं के आधार पर सूचनाएँ देते हुए साद कागज पर आवेदन भेजें।
4. शुल्क सहित आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31/08/2020 है।
5. आवेदन पत्र निदेशालय की वेबसाइट website www.chdpublication.mhrd.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।